MAHD-02

June - Examination 2026
M.A. (Previous) Examination
हिन्दी साहित्य
आधुनिक काव्य
Paper : MAHD-02

[*Time: **3** Hours*] [*Maximum Marks: **80***]

निर्देश :– यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–'अ' **8×2=16**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –
   (i) गुप्त जी का जन्म कब और कहाँ हुआ?
   (ii) गुप्त जी द्वारा लिखित दो खण्ड काव्यों का नाम लिखिए।
   (iii) प्रसाद जी के कवि कर्म की शुरुआत किस पत्रिका से होती है?
   (iv) 'महाप्राण' के नाम से किस कवि को जाना जाता है?
   (v) प्रसाद जी की अंतिम काव्य रचना का नाम बताइए।
   (vi) महादेवी वर्मा के कविता संग्रहों के नामों का उल्लेख कीजिए।
   (vii) कौनसा कवि अपनी रोमेन्टिक कविताओं के चलते अंग्रेजी भाषा के कवि 'शैली' के रूप में प्रसिद्ध हुआ?
   (viii) 'हालावाद' के प्रवर्तक कवि कौन हैं?

खण्ड–'ब' **4×8=32**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

2. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

''मेरे उपवन के हरिण, आज वनचारी,
मैं बाँध न लूँगी तुम्हें, तजो भय भारी!
गिर पड़े दौड़ सौमित्र प्रिया–पद–तल में,
वह भींग उठी प्रिय–चरण धरे दृग जल में।
''वन में तनिक तपस्या करके
बनने दो मुझको निज योग्य
भाभी की भगिनी, तुम मेरे
अर्थ नहीं, केवल उपभोग्य''

3. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

''अरी उपेक्षा भरी अमरते! री अतृप्ति! निर्बाध विलास!
द्विधा–रहित अपलक नयनों की भूख भरी दर्शन की प्यास!
बिछुड़े तेरे सब आलिंगन, पुलक स्पर्श का पता नहीं,
मधुमय चुंबन कातरतायें, आज न मुख को सता रहीं।

4. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

''प्राण, कह दो, आज तुम मेरे लिए हो।
मैं जगत के ताप से डरता नहीं अब,
मैं समय के शाप से डरता नहीं अब,
आज कुन्तल छाँह मुझपर तुम किए हो
प्राण, कह दो, आज तुम मेरे लिए हो।
रात मेरी, रात का श्रृंगार मेरा,
आज आधे विश्व से अभिसार मेरा,
तुम मुझे अधिकार अधरों पर दिए हो
प्राण, कह दो, आज तुम मेरे लिए हो।''

5. 'जुही की कली' कविता के काव्य सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए।
6. नरेन्द्र शर्मा के काव्य की अनुभूतिगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
7. 'नागार्जुन का काव्य प्रगतिशील चेतना का काव्य है।' कथन की पुष्टि कीजिए।
8. अज्ञेय के काव्य में आए बिम्ब विधान की विवेचना कीजिए।
9. नयी कविता की प्रमुख विशेषताएं लिखिए।

खण्ड–'स' **2×16=32**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **16** अंक का है।

10. प्रसाद जी के काव्य में अनुभूति पक्ष की विशेषताओं को विस्तार से समझाइए।
11. महादेवी वर्मा की काव्य यात्रा पर एक लेख लिखिए।
12. समकालीन हिंदी कविता के प्रतिनिधि कवि रूप में दुष्यंत कुमार की गज़लों की समीक्षा कीजिए।
13. रघुवीर सहाय के काव्य में पत्रकारिता और कविता का समन्वय है। स्पष्ट कीजिए।
